राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# विश्व पर्यावरण दिवस पर राज्यपाल ने किया पौधारोपण

जयपुर/माउंट आबू, 5 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोमवार को माउंट आबू राजभवन में पौधारोपण कर वन विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित पर्यावरण संरक्षण एवं पौधारोपण सप्ताह की शुरुआत की।

राज्यपाल ने आमजन को अधिकाधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से माउंट आबू राजभवन परिसर में जरखंडा के पांच पौधे रोपे। इस अवसर पर राज्यपाल ने पर्यावरण संरक्षण में जन भागीदारी से कार्य किए जाने पर जोर दिया।

————